आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 नवम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है। एक रिपोर्ट–

1962 में हिसार हरियाणा में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को जुलाई 2000 में हरियाणा का सबसे युवा महाधिवक्ता होने का गौरव प्राप्त हुआ। अक्टूबर 2018 में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। मई 2019 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग 15 महीने का होगा। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

शपथ ग्रहण समारोह में उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अयोध्या दौरे पर आएंगे। एक रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में सप्तमंदिर जाएंगे, जहाँ महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी के मंदिर हैं। इसके बाद वे शेषावतार मंदिर के दर्शन करेंगे। श्री मोदी माता अन्नपूर्णा मंदिर भी जाएंगे। वे राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा करेंगे। प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर औपचारिक रूप से ध्वज फहराएंगे। पवित्र भगवा ध्वज राम राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देते हुए गरिमा, एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देगा। यह कार्यक्रम मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को, श्री राम और माता सीता की विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त के साथ होगा, जो दिव्य मिलन का प्रतीक है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने दिल्ली–बागपत–शामली–सहारनपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा भी की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि बागपत में आधुनिक स्किल सेंटर भी शुरू किया गया है।

****

राष्ट्रीय महिला आयोग ने संकटग्रस्त महिलाओं के लिए त्वरित और अधिक सुलभ सहायता सुनिश्चित करने के लिये एक नया हेल्पलाइन नंबर चौदह चार सौ नब्बे शुरू किया है। एक वक्तव्य में आयोग ने कहा कि यह टोल–फ्री नंबर आयोग की मौजूदा हेल्पलाइन से जुड़ा एक आसानी से याद रखने योग्य नया हेल्पलाइन नंबर है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के साथ ही बाइस सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। इससे देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

नई जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने बिल्डिंग मटेरियल पर कर की दर कम करके हाउसिंग सेक्टर को बड़ी राहत दी है। इन सुधारो से मार्बल और ग्रेनाइट ब्लॉक पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह सीमेंट पर लगने वाला 28 प्रतिशत कर अब घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वही बांस की फ्लोरिंग, लकड़ी की जॉइनिंग, पैकिंग केस और पैलट पर अब 12 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसके साथ ही सरकार ने ईंट बनाने के लिए जॉब वर्क पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इन सुधारो से गृह निर्माण क्षेत्र में खरीदारों की मांग बढ़ी है, तथा निर्माण उद्योग में नौकरियां भी सृजित हुई है। आरजू और दृष्टि रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से आनंद।

****

गोवा के पणजी में छप्पनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पांचवें दिन भी सिनेमा प्रेमियों और कला प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी है। महोत्सव को लेकर प्रेस्तुत है एक रिपोर्ट–

लेखन और एडिटिंग पर अपनी कार्यशाला में, राजकुमार हिरानी ने बताया कि लेखन के जरिए आप फिल्म की कल्पना करते हैं, जबकि एडिटिंग के जरिए आप फिल्म का अनुभव करते हैं। उन्होंने एक एडिटर की अनसुनी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फिल्म को उसका वास्तविक अर्थ एडिटिंग टेबल पर ही मिलता है। श्री हिरानी ने अपनी चुनिंदा फिल्मों में मौजूद विषय–वस्तुओं के बारे में भी बात की। निखिल और सायरा के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, पणजी।

****

नौवें सिख गुरू, गुरू तेगबहादुर जी का आज तीन सौ पचासवां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयागराज सहित प्रदेश में कई स्थानों पर आयोजन कर गुरू तेगबहादुर जी को याद किया गया।

****

प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र का आज मुंबई में एक अस्पताल में निधन हो गया। वे नवासी वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई गणमान्य लोगों ने धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

****

मौसम विभाग ने सुबह के समय प्रदेश में कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार तीस नवम्बर तक यही स्थिति रहेगी। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

****